## कागजों के ढेर से मिलेगी मुक्ति : अब घटनास्थल से ही होगी डिजिटल जांच, पुलिस हुई हाई-टेक

▶ 320 अनुसंधानकर्ताओं को मिल रहे ई-विवेचना टैबलेट, रियल टाइम में अपलोड होंगे साक्ष्य

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में रतलाम पुलिस ने एक और बड़ा कदम उठाया है। अब आपराधिक प्रकरणों की जांच पारंपरिक कागजी प्रक्रिया के बजाय डिजिटल माध्यम से होगी।

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ करीब 320 अनुसंधानकर्ताओं को 'ई-विवेचना' टैबलेट वितरित किए जा रहे हैं। ई-विवेचना प्रणाली के जरिए विवेचना अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचते ही आवश्यक दस्तावेज तैयार कर उन्हें सीधे सिस्टम पर अपलोड कर सकेंगे। केस डायरी, नक्शा मौका, गिरफ्तारी पत्रक, जप्ती पंचनामा, अभियुक्त सूचना पत्र, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, एमएलसी और मर्ग जांच पत्रक जैसी प्रक्रियाएं अब डिजिटल रूप से संपादित होंगी। टैबलेट की मदद से घटनास्थल के फोटो, वीडियो और अन्य डिजिटल साक्ष्य भी तत्काल संकलित कर मुख्य सर्वर पर अपलोड किए जा सकेंगे। इससे जांच प्रक्रिया तेज होने के साथ साक्ष्यों के संरक्षण और दस्तावेजीकरण की गुणवत्ता भी बेहतर होगी।

ई-विवेचना एप सीधे सीसीटीएनएस से जुड़ा हुआ है, जिससे विवेचना संबंधी समस्त जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को रियल टाइम में उपलब्ध होगी। इससे प्रकरणों की मॉनिटरिंग और समीक्षा भी अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगी। इन टैबलेट्स में ई-विवेचना के अलावा ई-रक्षक और ई-साक्ष्य जैसे महत्वपूर्ण एप भी उपलब्ध हैं। इनके माध्यम से अपराधियों का रिकॉर्ड देखने तथा डिजिटल साक्ष्यों के प्रबंधन में सुविधा मिलेगी।

**25 ई-विवेचना टैबलेट्स से अब तक 9 हजार से अधिक डिजिटल विवेचना कार्रवाईयां की**

जिले को पूर्व में मिले 25 ई-विवेचना टैबलेट्स के माध्यम से अब तक 9 हजार से अधिक डिजिटल विवेचना कार्रवाईया सफलतापूर्वक पूरी की जा चुकी हैं। पुलिस का मानना है कि नई व्यवस्था से जांच अधिक वैज्ञानिक, पारदर्शी और समयबद्ध बनेगी, वहीं आमजन को भी बेहतर पुलिस सेवाओं का लाभ मिलेगा।

## पिपलीपाड़ा तालाब में महिला का शव मिला

**बिलपांक।** थाना क्षेत्र के पिपलीपाड़ा तालाब में एक महिला की डूबने से मौत हो जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर जांच शुरू की।

पुलिस के अनुसार पिपलीपाड़ा तालाब में एक महिला के डूबने की सूचना मिलने पर कार्रवाई की गई। मृतका की पहचान मुन्नीबाई पति राधेश्याम (45) निवासी ग्राम पिपलीपाड़ा, सरवड़ के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में महिला की मृत्यु तालाब में डूबने से होना सामने आया है। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में मर्ग कायम कर मौत के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ कर घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी जुटा रही है। जांच उपनिरीक्षक दिनेश राठौर कर रहे हैं। पंचनामा बनाकर शव पीएम के लिए पहुंचाया गया हैं। साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई हैं।

## जांच के बीच गायब हुआ जब्त पनीर अधिकारियों ने वापस मंगवाया

▶ आदर्श ज्यूस सेंटर पर छापे में एक्सपायरी क्रीम, गंदगी-अव्यवस्थित खाद्य सामग्री मिली

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई के दौरान उस समय अजीब स्थिति बन गई जब सैंपलिंग के लिए जब्त किया गया पनीर ही मौके से गायब हो गया। शनिवार को उज्जैन संभागीय उड़नदस्ते ने दो बत्ती चौराहा स्थित आदर्श जूस सेंटर पर दबिश दी थी। जांच के दौरान अधिकारियों ने पनीर सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लिए, लेकिन पंचनामा प्रक्रिया के बीच जब्त किया गया पनीर एक व्यक्ति वहां से ले गया।

जब अधिकारियों ने संचालक कृष्णा राठौड़ से जानकारी मांगी तो उसने पनीर अपना नहीं होना बताया। इसके बाद अधिकारियों ने फटकार लगाते हुए पनीर तत्काल वापस मंगवाया। बाद में पता चला कि पनीर बालाजी मिल्क एजेंसी संचालक प्रकाश सोयल ले गया था। उसे बुलाने पर वह पहले दूसरा ताजा पनीर लेकर पहुंचा, जिस पर अधिकारियों ने नाराजगी जताई और जब्त किया गया वास्तविक पनीर ही वापस लाने के निर्देश दिए। काफी मशक्कत के बाद मूल पनीर वापस आया और उसकी सैंपलिंग की गई।

कार्रवाई के दौरान दुकान में एक्सपायरी अमूल फ्रेश क्रीम, गंदगी और खाद्य सामग्री के रखरखाव में गंभीर लापरवाही भी सामने आई। टीम ने मिल्क शेक, अनार जूस, क्रीम और पनीर के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं। रिपोर्ट के आधार पर आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### एक नजर में

## पुलिस विभाग में लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत्त 4 पुलिस अधिकारियों को विदाई दी

**रतलाम।** पुलिस महकमे के चार पुलिस अधिकारी कार्य उप निरीक्षक रामसिंह डाबर, कार्य. सूबेदार (अ) उषा कल्याणी, कार्य सहायक उप निरीक्षक रामप्रकाश चौधरी, प्र आर सुरेंद्र प्रसाद निगम, द्वारा सेवानिवृत्ती की आयु पूर्ण करने पर दिनांक 30.05.26 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विदाई सामारोह का अयोजन किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार द्वारा शासकीय सेवकों की सेवा की सराहना की। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा चारों अधिकारियों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए उनके भावी जीवन की शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम विवेक कुमार लाल द्वारा पुष्पमाला पहनाकर फल, शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सेवानिवृत्ति की बधाई दी। साथ ही परिवार की जानकारी लेते हुए अच्छे स्वास्थ्य एवं आगामी जीवन की शुभकामना भी दी गई। विदाई समारोह कार्यक्रम का संचालन मुख्य लिपिक श्रीमति अर्चना आमेरिया द्वारा किया गया। विदाई समारोह के अवसर पर रक्षित निरीक्षक मोहन भर्रावत, मुख्य लिपिक श्रीमति अर्चना आमेरिया, पुलिस पेंशनर्स संघ के सदस्य पुलिस अधीक्षक कार्यालय का समस्त स्टाफ एवं परिजन उपस्थित रहे।

## नगर निगम के संसाधनों में शामिल हो गईं नई यातायात क्रेन, होगी सुविधाएं

**रतलाम।** शहर की यातायात व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु नगर निगम द्वारा क्रय की गई नवीन यातायात क्रेन का लोकार्पण महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, यातायात एवं परिवहन समिति प्रभारी सपना त्रिपाठी, विद्युत एवं यांत्रिकी समिति प्रभारी अक्षय संघवी, महापौर परिषद सदस्य, पार्षद के साथ विधिवत् पूजा अर्चना कर किया व हरी झण्डी दिखाकर कर्तव्य स्थल के लिए रवाना किया। महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर बताया कि नवीन यातायात क्रेन 20 लाख की लागत से क्रय की गई है, पहले किराये की यातायात क्रेन से यातायात में बाधक बनने वाले वाहनों को उठाया जाता था। नवीन क्रेन आने से प्रतिमाह व्यय होने वाली किराये की राशि की बचत होने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था भी सुचारू होगी। लोकार्पण पर महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, दिलीप गांधी, धर्मेन्द्र व्यास, मनोहरलाल राजू सोनी, पार्षद शक्तिसिंह राठौर, परमानन्द योगी, रणजीत टांक, धर्मेन्द्र रांका, श्रीमती प्रीति कसेरा, पार्षद प्रतिनिधि गौरव त्रिपाठी, विजयसिंह चौहान, संजय कसेरा, शेरू पठान सहित अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित थे।

## अरनिया मंडी क्षेत्र की सुरक्षा होगी अभेद्य, सीसीटीवी और स्ट्रीट लाइटों से सजेगा भीमाखेड़ी मार्ग

**जावरा।** अरनिया मंडी क्षेत्र में व्यापारियों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने मंडी प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। जिला पुलिस कप्तान अमित कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में थाना औद्योगिक क्षेत्र जावरा द्वारा शुक्रवार को अरनिया मंडी कार्यालय में इस विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीएसपी युवराज सिंह चौहान, औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी प्रकाश गडरिया, जावरा शहर थाना प्रभारी दीपक मंडलोई तथा मंडी सचिव श्री वसुनिया सहित बड़ी संख्या में मंडी व्यापारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे। पूरी बैठक बेहद सकारात्मक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। उपस्थित व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन के समक्ष अपने व्यावहारिक सुझाव भी रखे और आश्वस्त किया कि क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में व्यापारी वर्ग पुलिस और मंडी प्रशासन को अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा। बैठक के दौरान अरनिया मंडी से भीमाखेड़ी रेलवे फाटक तक के मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए विस्तृत रोडमैप तैयार किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा के लिहाज से इस पूरे मार्ग पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएंगे। साथ ही, रात के समय होने वाले अपराधों और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पूरे मार्ग पर मजबूत प्रकाश व्यवस्था (स्ट्रीट लाइट) सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। मंडी में होने वाले बड़े वित्तीय लेन-देन को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों को सुरक्षात्मक निर्देश जारी किए हैं। व्यापारियों से कहा गया है कि वे रात्रि के समय बड़ी नकदी (कैश अमाउंट) लेकर अकेले आवागमन करने से बचें। यदि कोई बड़ी रकम ले जानी हो, तो सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखें। किसी भी मार्ग पर संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। सीएसपी जावरा युवराज सिंह चौहान ने बताया कि क्षेत्र में भयमुक्त और सुरक्षित वातावरण तैयार करने के लिए पुलिस और व्यापारियों के बीच निरंतर समन्वय और जनसहयोग अत्यंत आवश्यक है।

## हमला कर भागे आरोपी, तीन घंटे में पकड़ाए

▶ फूलमंडी क्षेत्र में युवराज सिंह पर हुआ जानलेवा हमला

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर के माणकचौक थाना क्षेत्र में युवक पर जानलेवा चाकू हमले के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने तेजी दिखाते हुए तीनों आरोपियों को महज तीन घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए थे, लेकिन पुलिस की सक्रियता के चलते वे ज्यादा देर तक कानून से नहीं बच सके।

पुलिस के अनुसार 29 मई को फूलमंडी स्थित हरमाला-अशोकनगर क्षेत्र में युवराज सिंह चौहान पर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला किया गया था। घायल की शिकायत पर माणकचौक थाने में मेहबूब, रईस और सद्दाम के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार एवं नगर पुलिस अधीक्षक अजय सारवान के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की और मात्र तीन घंटे के भीतर तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में मेहबूब (32), रईस (37) एवं सद्दाम (34) निवासी ग्रीन सिटी, अशोकनगर शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त खून से सना चाकू भी जब्त कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। कार्रवाई में माणकचौक एवं दीनदयाल नगर थाना पुलिस के अधिकारियों और जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मंडी में किसानों के भुगतान को लेकर नई व्यवस्था

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** कृषि उपज मंडी समिति के सचिव के.के. नरगांवे ने बताया कि अनुविभागीय (राजस्व) एवं भारसाधक अधिकारी आर्ची हरित की अध्यक्षता में 29 मई को मंडी कार्यालय के सभाकक्ष में किसानों को भुगतान के संबंध में बैठक आयोजित की गई।

व्यापारी संघ के आवेदन अनुसार कृषक संघ, व्यापारी संघ एवं मंडी प्रशासन द्वारा सामंजस्य से कृषको को उनकी उपज की कीमत का बैंको द्वारा नगद राशि उपलब्ध न करवाने की दशा में, यदि किसी बैंक द्वारा जिस व्यापारिक फर्म को नगद राशि उपलब्ध नहीं करवाई है, उसी फर्म को मंडी समिति की सक्षम स्वीकृति उपरांत यह शर्त लागू होगी, न्यूनतम राशि 10000 रूपए नगद एवं शेष राशि एनईएफटी/ आरटीजीएस के माध्यम से उसी दिवस अथवा बैंक के कार्यदिवस में सम्पूर्ण भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा का निर्णय लिया गया है। शेष फर्मो के लिए नगद भुगतान सीमा पूर्ववत 1,99,999/- रूपए रहेगी। मंडी प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी उपज विक्रय के लिए मंडी या उपमंडी प्रांगण में आते समय बैंक पासबुक और आधार कार्ड साथ लेकर आएं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर भुगतान सीधे बैंक खाते में प्राप्त किया जा सके और किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

## खेत पर विवाद में किसान से मारपीट, दो पर केस

**बाजना।** जमीन को लेकर चल रहा विवाद झगड़े में बदल गया। पुलिस के अनुसार ग्राम रेहटकुआ निवासी रूपा पिता फुला मईड़ा (55) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 28 मई की रात करीब 8.30 बजे वह अपने खेत पर था। इसी दौरान जमीन संबंधी विवाद को लेकर गांव के ही जितेंद्र और पंकेश निनामा वहां पहुंचे और विवाद करने लगे। आरोप है कि दोनों ने पहले अश्लील गालियां दीं, फिर हाथ-थप्पड़ों और पत्थरों से मारपीट की। इतना ही नहीं, आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने बाजना थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

## प्रधानमंत्री कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का विशेष अभियान

▶ जिला कार्यशाला में तैयारियों की चर्चा कर किया विभिन्न समितियों का गठन

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित केन्द्र सरकार 12 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी 05 जून से 21 जून तक विशेष अभियान चलायेगी। इसमें एक पेड़ माँ के नाम , वृक्षारोपण अभियान, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान प्रगति पथ यात्रा, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन विशेष जनसम्पर्क , योग दिवस कार्यक्रम होगे। शनिवार को उजाला पैलेस मे भाजपा की जिला कामकाजी बैठक मे आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। पार्टी पदाधिकारीयों की समितियों का गठन कर उन्हे जवाब देही सुनिष्चित की गई। जिला प्रभारी विवेक जोशी ने मार्गदर्शन दिया। अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की।

बैठक के आरंभ में भाजपा के पितृपुरूषो एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि मोदी जी की सरकार 12 वर्ष पूर्ण होने पर 05 जून का विश्व पर्यावरण दिवस मनेगा इसमें एक पेड माँ के नाम अभियान चलेगा। 08 से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान मे वृक्षारोपण एवं स्वच्छता प्रगति पथ यात्रा और विकसित भारत संकल्प सम्मेलन होगे। इनमे मंत्री, सांसद एवं पार्टी पदाधिकारियों शामिल होगे। 11-12 जून को मीडिया संवाद , 12 को जनकल्याण शिविर,15 जून को सभागार बैठके, 19-20 जून 2026 को प्राकृतिक खेती कार्यशालाए एवं 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम होगे।

उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से सभी आयोजनों को सफल बनाने का आह्वान किया। जिला प्रभारी विवेक जोशी ने हाल ही में हुए जिला प्रशिक्षण वर्ग के सफल आयोजन की प्रशंसा करते हुए पदाधिकारियों से प्रशिक्षण के विषयों का गहन अध्ययन रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के 12 वर्षीय कार्यकाल ने कार्यकर्ताओं का सिर उठाकर चलने का अवसर दिया है। देश का कोई ऐसा कार्य नहीं है, जो मोदी जी की सरकार ने पूरा नहीं किया हो। भाजपा द्वारा जो कार्यक्रम आयोजित हो रहे है, उनसे जन-जन के बीच मोदी जी का संदेश पहुंचेगा। उन्होने रविवार को होने वाले मन की बात कार्यक्रम की रिपोर्टिंग समय पर देने का आह्वान भी किया। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री जयवंत कोठारी ने किया। आभार जिला महामंत्री महेश सोनी ने माना। इस दौरान भाजपा के जिला, मंडल, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 'कविताई' में गूंजी संवेदनाओं की आवाज नए रचनाकारों ने बिखेरे शब्दों के रंग

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** गुलाब चक्कर पर आयोजित 'कविताई - शब्दों की शान' कार्यक्रम में नए रचनाकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को भावनाओं की अनूठी यात्रा कराई। कविता, विचार और अभिव्यक्ति के इस संगम ने उपस्थित लोगों को देर तक बांधे रखा। मंच पर देशभक्ति, मातृ-प्रेम, पिता के संघर्ष और नारी शक्ति जैसे विषयों पर कविताओं की प्रस्तुतियां हुईं। कवियों के शब्दों में कहीं संवेदना थी तो कहीं प्रेरणा, जिसने श्रोताओं की खूब सराहना बटोरी। मंच पर डॉ. खुशबू राठी, डॉ. सुनीता जैन, मदन मस्ताना और राजेंद्र शर्मा ने अपनी रचनाओं का पाठ कर साहित्यिक वातावरण को ऊंचाई दी। कविताओं के माध्यम से समाज, परिवार और राष्ट्र से जुड़े विविध भावों को अभिव्यक्ति मिली। कार्यक्रम के अंत में सभी रचनाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन नरेंद्र त्रिवेदी एवं नित्येंद्र एम. आचार्य ने किया। आयोजन संयोजक नित्येंद्र एम. आचार्य रहे। आयोजन को सफल बनाने में राकेश बोरिया, सुनील निरंजनी, हितेंद्र प्रताप सिंह एवं गणराज भूषण की विशेष भूमिका रही। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन रतलाम के नवोदित रचनाकारों को मंच उपलब्ध कराने का एक नवाचार था, जिसे श्रोताओं का भरपूर समर्थन मिला। साहित्य प्रेमियों के लिए यह शाम यादगार बन गई।

## 33 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त

**जावरा।** सिविल हॉस्पिटल जावरा में लेबर रूम में कार्यरत उषा बीड़वान दाई मां शनिवार को 33 वर्ष की शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गईं। ज्वाइनिंग से लेकर रिटायरमेंट तक उन्होंने एक ही अस्पताल में पूरी निष्ठा से सेवाएं दीं। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया। सिविल हॉस्पिटल प्रभारी डॉ दीपक पालड़ीया ने कहा कि श्रीमती ऊषाबाई ने 33 साल तक एक ही जगह पूरी की। खेरुनीशा खान, शशिकला वर्मा, शिरोमणि मसीह, श्वेता सिंह, भरत बीड़वान, दीपिका बीड़वान, कैलाश पवार व गोपाल सिंह राठौर ने कहा कि आज के दौर में ऊषाबाई जैसा कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार और मेहनती व्यक्तित्व मिलना मुश्किल है। सभी ने उनके सरल, सहज, मिलनसार स्वभाव की सराहना की। समारोह में श्रीमती ऊषाबाई बीड़वान को स्मृति चिन्ह व अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

### एक नजर में

▶ जावरा में निरस्त ग्रीनफील्ड हाईवे का विरोध कर रहे किसानों को नोटिस, भड़के अन्नदाता पहुंचे सीएसपी दफ्तर

## साहब! कोर्ट और कलेक्टर हमारे साथ, फिर हम पर क्यों कार्रवाई?

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** महू-नीमच ग्रीनफील्ड हाईवे के निरस्त एलाइनमेंट का विरोध कर रहे किसानों को पुलिस ने शांति भंग का नोटिस थमाया है। प्रभावित पीड़ित किसान-व्यापारी जन संघर्ष समिति का आरोप है कि कोर्ट और कलेक्टर का आदेश हमारे पक्ष में है, फिर भी अधिकारी न्यायालय की अवमानना कर रहे हैं। नाराज किसानों ने सीएसपी को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी है कि यदि 1 जून तक नोटिस निरस्त नहीं हुए और बंधक भूमि मुक्त नहीं की गई, तो सोमवार को एसडीएम कार्यालय का रुख करेंगे।

भूतेड़ा से महू-नीमच हाईवे तक प्रस्तावित ग्रीनफील्ड रोड के कैंसिल एलाइनमेंट पर एमपीआरडीसी द्वारा जबरन काम शुरू करने के विरोध में शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे किसानों-व्यापारियों को ही उल्टा शांति भंग का नोटिस थमा दिया गया है। इस तानाशाही के खिलाफ प्रभावित पीड़ित किसान-व्यापारी जन संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने सीएसपी को ज्ञापन सौंपकर धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत जारी सभी नोटिस की कार्रवाई निरस्त करने की मांग करते हुए कहा कि 20 महीने से शांतिपूर्ण लड़ाई लड़ रहे हैं। कोर्ट और कलेक्टर का आदेश हमारे पक्ष में है। फिर भी हमें ही शांति भंग करने वाला बताकर 107/116 का नोटिस दिया जा रहा है। ये कैसा न्याय है। समिति ने कहा कि यदि नोटिस की कार्रवाई वापस नहीं ली गई और निरस्त एलाइनमेंट की बंधक भूमि मुक्त नहीं की गई तो सभी प्रभावित पीड़ित किसान न्यायिक तरीके से सोमवार, 1 जून 2026 को एसडीएम कार्यालय में चर्चा करेंगे। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। हम कानून मानने वाले लोग हैं, लेकिन अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना हमारा संवैधानिक अधिकार है।

**सीएसपी को सौंपे ज्ञापन की प्रमुख मांगें:** शांतिप्रिय नागरिकों को जारी सभी धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के नोटिस की कार्रवाई तुरंत निरस्त की जाए। कैंसिल एलाइनमेंट पर जो भूमि बंधक बनाई गई है, उसे 1 जून 2026 तक स्वतंत्र किया जाए। सक्षम अधिकारियों ने मीडिया के सामने 27 मई को उप पंजीयक कार्यालय में बंधक भूमि मुक्त करने का आदेश दिया था, उसका पालन हो। न्यायिक तरीके से विरोध कर रहे किसानों-व्यापारियों को प्रताड़ित न किया जाए।

**यह है पूरा मामला**

जिला न्यायालय ने टेकरी से जोयो तिराहे तक का एलाइनमेंट निरस्त कर दिया। कलेक्टर ने प्रमाणित कॉपी दी, कलेक्टर रतलाम ने कैंसिल आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि किसानों को सौंपी। फिर भी काम जारी- कोर्ट-कलेक्टर के आदेश के बावजूदएमपीआरडीसी और एसडीएम द्वारा निरस्त एलाइनमेंट पर कार्रवाई की जा रही है।

**ज्ञापन में इनकी रही उपस्थिति:** सुनील पोखरना, मनोज मेहता, मुकेश धाकड़, एडवोकेट उबेद अंसारी, राजेश चोरड़िया, फरजाना खान, जीतू मालवीय, रंजीत सिंघल, जगदीश सोलंकी, गुड्डू पठान, असलम मेव, सुरेश धनोतिया, दिनेश सैनी, प्रमोद, आर.डी. धाकड़, नागेश्वर, मुकेश नागर, फकीर चंद्र, दिनेश नायमा, असलम कुरैशी, पाटीदार, सिकंदर मेव, दाव मीणा, अनवर शाह, अयुब शाह, मुबारिक शाह सहित सैकड़ों किसान-व्यापारी उपस्थित रहे।